पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने सादगी से मनाया अपना जन्म दिवस
प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर बधाई दी
मुंबई से भी आये गुलदस्ते

लखनऊः 16 अप्रैल, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने अपना 83वाँ जन्म दिवस राजभवन में अपने परिजनों के साथ सादगी से मनाया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट कर राज्यपाल श्री राम नाईक को जन्म दिवस की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ जीवन एवं दीर्घ आयु की कामना की है। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री श्री पियूष गोयल, महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री विद्यासागर राव, राजस्थान के राज्यपाल श्री कल्याण सिंह, बिहार के राज्यपाल श्री रामनाथ कोविन्द, असम के राज्यपाल श्री पी0 आचार्या, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री बलराम दास टण्डन, पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी सुश्री मायावती, समाजवादी पार्टी के महासचिव एवं राज्यसभा सांसद प्रो0 रामगोपाल यादव, पूर्व मुख्यमंत्री श्री एन0डी0 तिवारी, पूर्व मंत्री श्री अम्मार रिज़वी, पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद श्री लालजी टण्डन सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने उन्हें फोन पर बधाई दी।

मुंबई से रिलायन्स ग्रुप के अध्यक्ष श्री मुकेश अंबानी, अध्यक्ष हिन्दुजा ग्रुप श्री अशोक पी0 हिन्दुजा सहित अनेक शुभचिन्तकों ने पुष्प गुच्छ भेजकर राज्यपाल को बधाई का संदेश भी भेजा। राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी राज्यपाल से मिलकर उन्हें जन्म दिवस की बधाई दी।

अंजुम/ललित/राजभवन (155/31)